क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना
लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)–473001
Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक /1892/ परीक्षा CUET/गोप. /क्रा.ता.वि. /2026 गुना, दिनांक 16/03/26

// स्नातकोत्तर प्रवेश पात्रता परीक्षा संशोधित अधिसूचना //

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 में मेजर / माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को इच्छित विषय में CUET-PG परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इस हेतु क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये विश्वविद्यालय में संचालित निम्नलिखित स्नातकोत्तर / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु अधिसूचना निम्नानुसार घोषित की जाती है :-

स्नातकोत्तर प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं शुल्क का विवरण

कक्षाओं के नाम अन्य विवरण		प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु सामान्य वर्ग (GEN.) के छात्रों के लिये शुल्क	प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) / EWS वर्ग के छात्रों के लिये शुल्क	प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु अन्य अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के छात्रों के लिये शुल्क
स्नातकोत्तर कला संकाय (M.A.):- अर्थशास्त्र , अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, संस्कृत, समाजशास्त्र । **स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय (M.Sc.) / स्नातकोत्तर वाणिज्य संकाय (M.Com.):-** जैव प्रौद्योगिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित, भौतिकी, प्राणी विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं एम.कॉम. ।	**प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्क**	800/-	600/-	400/-
प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन प्रारंभ तिथि	**21/02/2026**			
प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि	**25.03.2026**			
प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन उपरांत समस्त दस्तावेजों को जांचोपरांत विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**20.03.2026**			

// आवश्यक निर्देश//

1. यह पात्रता परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिये है जो स्नातक स्तर पर अध्ययन किए गए मेजर / माइनर विषय से भिन्न विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश लेना चाहते है।
2. स्नातक उपाधि प्राप्त अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी इस परीक्षा हेतु पात्र होंगे ।
3. परीक्षा ऑफलाइन (पेन-पेपर) माध्यम से आयोजित की जाएगी।
4. परीक्षा का माध्यम हिंदी/ अंग्रेजी रहेगा (विषय अनुसार)
5. **परीक्षा दिनांक 30 मार्च 2026 को (दोपहर 01:00 बजे से 04:00 बजे तक) क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना म.प्र. के परिसर में आयोजित की जायेगी ।**
6. प्रवेश मेरिट के आधार पर विश्वविद्यालय / उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार किया जाएगा ।
7. छात्र MP Online Portal से अपना फार्म भरकर सबमिट करें, आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाईन हैं ।

// आवश्यक दस्तावेज //

1. प्रवेश पात्रता परीक्षा के रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र की प्रति ।
2. Proof of Date of Birth जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाईस्कूल की अंकसूची) ।
3. (10+2) Marksheet अंकसूची ।
4. स्नातक की प्रत्येक वर्ष की अलग-अलग अंकसूची परीक्षार्थी द्वारा स्व-प्रमाणित ।
5. Migration Certificate (प्रवजन प्रमाण –पत्र) । (यदि छात्र ने (10+2)/ स्नातक स्तर की परीक्षा अन्य राज्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।)
6. Eligibility Certificate (अर्हता प्रमाण –पत्र), मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र । (यदि छात्र ने (10+2)/ स्नातक स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।)
7. *Gap Certificate. (अगर छात्र का पिछली परीक्षा तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अंतराल रहा है।)
8. छात्र की समग्र आईडी ।

(प्रो.ए.के. मुदगल)
कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)

प्रतिलिपि -

1. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. निज सहायक, माननीय कुलगुरू महोदय जी की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कुलसचिव के निज सहायक, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
4. उप-कुलसचिव / सहायक कुलसचिव (परीक्षा) क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
5. प्राचार्य समस्त संबंधित महाविद्यालय, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र गुना ।
6. नामांकन शाखा, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय ,गुना।
7. विभागाध्यक्ष/निर्देशिक/समन्वयक, समस्त अध्ययनशाला, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
8. प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना ।
9. प्रभारी, आई.टी. सेल, क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना।
10. परीक्षा शाखा वास्ते रिकार्ड ।

16/3/26

(डॉ. प्रभात चौधरी)
परीक्षा नियंत्रक
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)